राजस्थान सरकार
शिक्षा–विभाग

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 20( पुरस्कार / एनएसएस / निकाशि / 19 / 448 दिनांक 6 दिसम्बर,2019

समस्त प्राचार्य,
राजकीय / निजी महाविद्यालय,
(एनएसएस से सम्बद्व) राजस्थान ।

विषय :– **राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार 2018–19**

महोदय,

राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार 2018–19 के चयन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र **दिनांक 06–01–2020** तक आमंत्रित किये जाते हैं। इस संबंध में पूर्ण विवरण निम्न प्रकार हैः–

1. **पुरस्कारों की संख्या**
   1. राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 4 महाविद्यालयों का चयन किया जायेगा जिनमें से 2 महाविद्यालय सह शिक्षा एवं 2 महाविद्यालय महिला शिक्षा के होंगे।
   2. 6 कार्यक्रम अधिकारियों का चयन किया जावेगा, जिनमें से 3 कार्यक्रम अधिकारी सह शिक्षा महाविद्यालयों से एवं 3 कार्यक्रम अधिकारी महिला शिक्षा महाविद्यालय के होंगे।
   3. 12 स्वयं सेवकों का चयन किया जावेगा, जिनमें से 6 स्वयं सेवक सह शिक्षा महाविद्यालयों से एवं 6 स्वयं सेवक महिला महाविद्यालयों से होंगे।
   4. प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या एवं गुणवत्ता के आधार पर सहशिक्षा एवं महिला महाविद्यालयों को दिये जाने वाले पुरस्कारों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। इसी प्रकार उक्त आधार पर कुल पुरस्कारों की संख्या में भी परिवर्तन संभव है।

2. **चयन की प्रक्रिया**
   आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति द्वारा संस्थाओं, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों का चयन आवेदन पत्र के आधार पर किया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना राज्यस्तरीय पुरस्कार सत्र 2018–19 के आवेदन–पत्रों में आयुक्तालय द्वारा जारी एन.एस.एस. कलेण्डर 2018–19 की पालना का पूर्ण विवरण अंकित करना एवं समस्त पत्राचार की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा आवेदन–पत्र अपूर्ण मानते हुए कोई विचार नहीं किया जायेगा। समिति का निर्णय अंतिम होगा।

3. **आवेदन पत्र पहुंचने की अंतिम तिथि**
   पुरस्कारों के लिए निर्धारित आवेदन पत्र **दिनांक 06–01–2020** तक आयुक्तालय कालेज शिक्षा, जयपुर में आवश्यक रूप से पहुंच जाने चाहिए। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

4. **पुरस्कारों की प्रकृतिः–**
   पुरस्कार प्राप्त करने वाली संस्था के प्राचार्य, पुरस्कृत होने वाले कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक को शील्ड / प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक स्वयंसेवक (छात्र / छात्रा) / कार्यक्रम अधिकारी को ही नामित करें। एक महाविद्यालय से एक कार्यक्रम अधिकारी / एक स्वयंसेवक को ही नामित करें। स्थानीय स्तर पर चयन के लिए एक समिति का गठन किया जावें तथा आवेदन पत्र पर समिति की अनुशंषा स्पष्ट रूप से अंकित करें। समिति की अनुशंषा एवं प्राचार्य की टिप्पणी के अभाव में आवेदन–पत्र निरस्त किये जावेगें। आवेदन पत्रों के साथ प्रमाण स्वरूप आवश्यक फोटोग्राफ्स समाचार–पत्रों की प्रति, स्थानीय संस्थाओं / अधिकारियों द्वारा दिये गये प्रमाण पत्रों की प्रति अवश्य लगायें। अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

संलग्नः– आवेदन पत्र के प्रारूप (कुल 3)

भवदीय,

( प्रदीप कुमार बोरड )
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा
राजस्थान, जयपुर
दिनांक 6 दिसम्बर,2019

क्रमांक एफ 20( पुरस्कार / एनएसएस / निकाशि / 19 / 448

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस, प्रादेशिक केन्द्र, जयपुर।
3. राज्य सम्पर्क अधिकारी, शिक्षा (ग्रुप–4 अ ) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

( डॉ. दीपक मेहरा )
संयुक्त–निदेशक (अकादमी)

# राष्ट्रीय सेवा योजना
## राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र सत्र 2018–19
## (संस्थागत)

| पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. महाविद्यालय का नाम (सहशिक्षा/महिला शिक्षा), फोन/ई–मेल पता

2. प्राचार्य का नाम, मो. नम्बर एवं ई–मेल पता

3. सत्र् मे महाविद्याालय में कार्यरत ईकाइयों की संख्या

4. सत्र् मे महाविद्यालय द्वारा गठित स्थानीय परामर्श दात्री समिति के गठन के आदेश एवं कार्यवाही का विवरण तथा ईकाइ/ईकाइयों के कार्यवाही रजिस्टर की प्रति

5. ईकाई/ईकाइयों के स्वयं सेवकों के नामांकन/पंजियन सूचना की प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति

6. राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की तिमाही व अर्द्व वार्षिक रिपोर्ट की प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति

7. सत्र् के दौरान ईकाइयों द्वारा आयोजित विशेष शिविर की तिथि, गोद लिये गये गांव/बस्ती का ईकाईवार नाम एवं उपस्थित स्वयं सेवकों की सूची.

9. सत्र् के दौरान ईकाइयों द्वारा आयोजित विशेष शिविर में गोद लिये गांव/बस्ती में किये गये कार्यों का विवरण

10. सत्र् में कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को नेतृत्व प्रदान करने की पहल,रूचि एवं उपलब्धियां

11. सत्र् में ईकाईवार एनएसएस के प्रपत्र 1 से 5 भेजने की प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रपत्रों की प्रति संलग्न करे

12. सत्र् के दौरान ईकाइयों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य का उल्लेख

14. सत्र् में एनएसएस गतिविधियों के विरूद्ध लम्बित जांच/मामले का विवरण

15. उपलब्धियों के अपेक्षित स्तर के प्रतिवेदन की प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति।

16. सत्र में विशेष शिविर रिपोर्ट एवं वार्षिक प्रतिवेदन ईकाईवार प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति।

17 स्वयं सेवकों के प्रमाण पत्र प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रेषण संख्या, तिथि एवं सूचि की प्रति

18. सत्र के दौरान एनएसएस गतिविधियों गतिशील बनाने के लिए अन्य विभागों/संस्थाओं/एनजीओ से सहयोग प्राप्त करने हेतु किये गये प्रयासों का विवरण

19. संस्था में स्थाई सम्पत्तियों का सृजन एनएसएस द्वारा ।

स्थानीय चयन समिति के संयोजक के हस्ताक्षर

प्राचार्य के हस्ताक्षर मोहर सहित

# राष्ट्रीय सेवा योजना
## राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र सत्र 2018–19
## (कार्यक्रम अधिकारी)

पासपोर्ट साईज फोटो

1. महाविद्यालय का नाम (सहशिक्षा / महिला शिक्षा), फोन / ई–मेल पता

2. कार्यक्रम अधिकारी का नाम, मो. नम्बर एवं ई–मेल पता

3. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नियुक्ति की अवधि

4. सत्र मे महाविद्यालय द्वारा गठित स्थानीय परामर्श दात्री समिति के गठन के आदेश एवं कार्यवाही का विवरण तथा ईकाई के कार्यवाही रजिस्टर की प्रति

5. ईकाई के स्वयं सेवकों के नामांकन / पंजियन की सूचना प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति

6. राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की गतिविधियों की तिमाही व अर्द्ध वार्षिक रिपोर्ट की प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति

7. सत्र के दौरान ईकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर की तिथि, गोद लिये गये गांव / बस्ती का नाम एवं उपस्थित स्वयं सेवकों की सूची.

9. सत्र के दौरान ईकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर में गोद लिये गांव / बस्ती में किये गये कार्यों का विवरण

10. सत्र में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महाविद्यालय में संचालित अन्य ईकाइयों से समन्वय एवं स्वयं सेवकों को नेतृत्व प्रदान करने की पहल,रूचि एवं उपलब्धियां

11. सत्र में ईकाई के एनएसएस प्रपत्र 1 से 5 भेजने की तिथि एवं प्रेषण संख्या तथा प्रपत्रों की प्रति संलग्न करे

12. सत्र में ईकाई द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य का उल्लेख
    1. गोद लिये गांव में
    2. महाविद्यालय परिसर के विकास में
    3. स्थानीय प्रशासन के साथ में मिलकर किये गये कार्य

14. सत्र में ईकाई की गतिविधियों के विरूद्ध लम्बित जांच / मामले का विवरण

15. उपलब्धियों के अपेक्षित स्तर के प्रतिवेदन की प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति

16. सत्र में विशेष शिविर रिपोर्ट एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रेषण संख्या, तिथि एवं प्रति

17 स्वयं सेवकों के प्रमाण पत्र प्रतिहस्ताक्षर प्रेषिण पत्र की हेतु प्रेषण संख्या, तिथि एवं सूचि की प्रति

18. सत्र में ईकाई द्वारा एनएसएस गतिविधियों गतिशील बनाने के लिए अन्य विभागों / संस्थाओं / एनजीओ से सहयोग प्राप्त करने हेतु किये गये प्रयासों का विवरण

19. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अन्तराष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य / सम्भाग / जिला स्तर पर केम्प / प्रशिक्षण / प्रतिनिधि मण्डल में भाग लेने का विवरण

20. कार्यक्रम अधिकारी को सत्र में प्राप्त अन्तराष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य / सम्भाग / जिला स्तर पर पुरस्कार / सम्मान / विशेष योगदान का विवरण

21. संस्था में स्थाई सम्पत्तियों का सृजन ईकाइयों द्वारा ।

स्थानीय चयन समिति के संयोजक के हस्ताक्षर

प्राचार्य के हस्ताक्षर मोहर सहित

# राष्ट्रीय सेवा योजना
## राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र सत्र 2018–19
## (स्वयंसेवकों के लिए)

पासपोर्ट साईज फोटो

1. महाविद्यालय का नाम (सहशिक्षा/महिला शिक्षा), फोन नम्बर एवं ईमेल पता

2. प्राचार्य का नाम, मो.नम्बर एवं ई–मेल पता

3. स्वयं सेवक का नाम, कक्षा, फोन/मो.नम्बर/ई–मेल पता

4. स्वयं सेवक द्वारा सत्र में एनएसएस डायरी संधारण की प्रति

5. स्वयं सेवक द्वारा सत्र में किये गये सेवा कार्य–समय (घंटों में) का विवरण एवं पंजियन अवधि

6. विशेष शिविर में भाग लेने का तिथि सहित विवरण

7. रक्तदान/ नेत्रदान/ प्रतिज्ञा/ वृक्षारोपण/पर्यावरण/ जल संरक्षण/शांति एवं सद्भाव/ संरक्षण/साक्षरता/ स्वास्थ्य शिक्षा/ सामुदायिक विकास कार्य इत्यादि अलग कागज पर ब्यौरा दें।

8. गोद लिये गये समुदाय में सामाजिक, आर्थिक स्तर को उपर उठाने में अन्य युवाओं को प्रेरित करने में नेतृत्व के गुण और अन्य पहल

9. क्या उसे कभी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है अथवा उनके विरूद्व कोई मामला लम्बित पड़ा है। टिप्पणी करें।

10. कोई उत्कृष्ट प्रदर्शन, सम्पूर्ण तथ्यात्मक ब्यौरा सहित अलग कागजात संलग्न करें।

11. सत्र में स्वयं सेवक द्वारा विदेश में गये युवा एक्सचेंज कार्यक्रम में भाग लेने/राष्ट्र स्तर/राज्य स्तर/सम्भाग/जिला स्तर के कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण में भाग लेने का विवरण (प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

15. ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी की अनुशंषा

16. प्राचार्य की अनुशंषा

कार्यक्रम अधिकारी के हस्ताक्षर

स्थानीय चयन समिति के संयोजक के हस्ताक्षर

प्राचार्य के हस्ताक्षर